Title: Need to complete the construction of remaining two railway overbridges in the Jaipur city.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जयपुर शहर में यातायात व्यवस्था टीक करने के लिए रेलवे विभाग ने चार पुल बनाने की घोाणा की थी। एक मालवीय नगर में, दूसरा गोपालपुरा में, तीसरा बायपास और चौथा झोटवाड़ा में। इसमें से दो पुल तो बनकर पूरे हो गए लेकिन गोपालपुरा और झोटवाड़ा का पुल नहीं बना है जिसके कारण जयपुर नगर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। लोगों को आने-जाने में बहुत कठिनाई हो रही है। इसलिए रेल मंत्री जीसे मांग है कि गोपालपुरा और झोटवाड़ा वाला पुल शीघ्र बनना चाहिए यह मेरा निवेदन है।

दूसरी मांग है कि जयपुर के सवाई माधोपुर लाइन पर स्थित फाटक संख्या 81 पर भी पुल बनना चाहिए।

<u>13.00 hrs.</u>

उपाध्यक्ष महोदय, फाटक सं.79 पर भी पुल बनना बहुत जरूरी है। इसी प्रकार जयपुर-बांदीकुई रेलवे लाइन पर फाटक संख्या 224 पर जो जयपुर रेलवे स्टेशन यार्ड के पास जाता है वहां एक पुल बनना जरूरी है। फाटक सं. 219, जो जयपुर-फुलेरा रेलवे लाइन पर जाता है, वहां पुल बनना नितान्त आवश्यक है।

उपाध्यक्ष महोदय, जयपुर रेलवे लाइन पर भी पुल बनना आवश्यक है। जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए माननीय रेल मंत्री की कृपा से और भारत सरकार की कृपा से जयपुर शहर में चार पुल बनाने का निर्णय लिया गया था जिनमें दो, गोपालपुरा और झोटवाड्ड़ा के पुलों का काम नहीं हुआ है। मालवीय नगर व बाईन गोदाम के पुल बन गए हैं। इन दो पुलों के बनने के लिए तो मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देता हूं और इसके साथ-साथ मैं मंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि जो दो पुल बाकी रह गए हैं उन्हें भी शीघ्र बनाया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : फूलन देवी जी, आपकी जो कंपलेंट है, उसको स्टेट गवर्नमेंट को भेजा है। उस पर अभी कोई जवाब नहीं आया है। जब वहां से जवाब आ जाएगा तब आप पूछें, अभी नहीं।

श्रीमती फूलन देवी (मिर्जापुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैंने पूरा विवरण लिखकर दिया और मैं यहां भी लिखकर लाई हूं। आप मुझे अपनी बात कहने की अनुमति प्रदान करें।â€¦(<u>व्यवधान</u>)

उपाध्यक्ष महोदय : जब तक सरकार की ओर से आपकी कंपलेंट के संबंध में रिपोर्ट नहीं आती है, तब तक आप इस मामले को यहां नहीं उठा सकती हैं। स्टेट गवर्नमेंट के कमेंट आने के बाद आपको मौका मिलेगा।

...(<u>व्यवधान</u>)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record now.

*(Interruptions)**